wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-48 सागवाड़ा, मंगलवार, 12 अक्टूबर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## डेयरी बूथ आवंटन को लेकर लॉटरी निकाली

**डूंगरपुर।** जिला प्रशासन व डेयरी विभाग की ओर से डेयरी बूथ आवंटन को लेकर आज कलेक्ट्रेट में लॉटरी का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान व डेयरी विभाग के अधिकारियो के साथ आवेदनकर्ता लॉटरी में शामिल हुए। इस दौरान एडीएम कृष्णपाल सिंह ने कुल 23 बूथों के लिए लोटरी निकाली। इस मौके पर एडीएम कृष्णपाल सिंह ने बताया की डूंगरपुर जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के कुल 23 डेयरी बूथों के लिए लौटरी निकाली गई है। जिसमे 20 बूथ डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा, गलियाकोट, सागवाडा, साबला, आसपुर, दोवडा, पुनाली व सीमलवाडा से है वही 3 बूथ डूंगरपुर शहर के शामिल है।

## 12 किलो 900 ग्राम गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा थाना पुलिस ने गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वही उसके कब्जे से पुलिस ने 12 किलो 900 ग्राम गांजा जब्त किया है। बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रंजित सिंह ने बताया की पुलिस की ओर से गश्त की जा रही थी इस दौरान चुंडावाडा मोड़ के पास एक युवक बेग के साथ दिखाई दिया। पुलिस ने जब युवक से पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम मुकेश सेवक निवासी बरोडा थाना झलारा जिला उदयपुर होना बताया और जब पुलिस ने उसके बेग की तलाशी ली तो उसमे गांजा भरा हुआ था। जिस पर पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर गांजा जब्त कर थाने लाइ। जहा पर वजन करवाया तो वह 12 किलो 900 ग्राम निकला। जिस पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इधर पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल गेंजी के कई कक्षा-कक्ष जर्जर, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**डूंगरपुर।**

जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल गेंजी के कई कक्षा-कक्ष जर्जर हो चुके है। जहां पर विद्यार्थियो को बैठाकर अध्यापन कार्य करवाना स्कूल के लिए खतरे से खाली नहीं है। इसी समस्या से परेशान स्कूल का स्टाफ व ग्रामीण सरपंच सीमा रोत के नेतृत्व में आज कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान सरपंच के नेतृत्व में स्टाफ व ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर सरपंच सीमा रोत ने बताया की सार्वजनिक निर्माण विभाग ने स्कूल के 12 कक्षा कक्षों को जर्जर होने के चलते नकारा घोषित कर दिया है।

वर्तमान में स्कूल में कक्षा एक से 12 तक 564 विद्यार्थी अध्ययनरत है। इन बच्चो को विद्यालय के 6 कक्षों में बैठाकर पढाया जा रहा है जिसमे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में स्कूल के स्टाफ व ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर नवीन कक्षा कक्षों के लिए बजट आवंटन की मांग की है।

# महिला बीसी केंद्र से 40 हजार रुपए से भरा बैग लेकर भागे बदमाश

### झोंथरी गांवकी घटना, मौके का फायदा उठाकर रुपए से भरा बेग उडाया

**डूंगरपुर।** जिले के चौरासी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक बदमाश दिनदहाड़े बीसी केंद्र से 40 हजार 500 रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गया। घटना के वक्त बीसी केंद्र की महिला पास में एक दुकान पर गई थी। और बदमाश ने इसी का फायदा उठाया। वही महिला करीब आधे घंटे पहले ही उपभोक्ताओं को देने के लिए यह राशि बैंक से निकालकर लाई थी।

चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया कि पार्वती देवी पत्नी मोहन कटारा के झोंथरी गांव में बड़ौदा ग्रामीण बैंक का बीसी केंद्र चलाती है। मंगलवार दोपहर के समय करीब साढ़े 3 बजे वह बैंक से पैसे निकालने गई। बैंक से करीब 40 हजार 500 रुपये निकालकर वापस बीसी केंद्र पर पहुंची। रुपये से भरा बैग बीसी केंद्र में काउंटर में रखकर पास के ही एक दुकानदार को एक हजार रुपये देने गई। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर बाइक पर आया एक बदमाश उसके बीसी केंद्र में घुसा और रुपयों से भरा बैग लेकर रफूचक्कर हो गया।

बीसी केंद्र संचालिका पार्वती वापस लौटी ओर देखा तो रुपयों से भरा बैग गायब हो गया था। उसने आसपास तलाश करते हुए लोगो से पूछताछ की, लेकिन कोई पता नहीं चला। घटना की सूचना पर चौरासी थानाधिकारी भेमजी मय जाब्ता मोके पर पंहुचे ओर घटना की जानकारी ली। चौरासी डीएसपी रामेश्वरलाल चौहान भी मौके पर पंहुच गए। पुलिस घटना को लेकर मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फूटेज खंगाल रही है, जिसमें एक बाइक सवार नकाबपोश बीसी केंद्र से रुपयों से भरा बैग ले जाते हुए नजर आ रहा है, जिस आधार पर पुलिस ने बदमाश की छानबीन शुरू कर द दी है।

# फाइनेंसकर्मी से 25 हजार रुपये की लूट , बाइक सवार 4 बदमाशों ने की वारदात

### बोखला के पास हुई घटना,वारदात के बाद पुलिस ने लूटेरो की तलाश शुरू की

**डूंगरपुर।** स्वयं सहायता समूहों को लोन पर दी राशि वसूली कर लौट रहे एक फाइनेंसकर्मी से लूट की वारदात हुई। एक बाइक पर आए 4 बदमाशों ने फाइनेंसकर्मी को नीचे गिराकर 25 हजार रुपये से ज्यादा की राशि लूट ले गए। वारदात के बाद पुलिस ने लूटेरो की तलाश शुरू कर दी है।

बिछीवाड़ा थाना एएसआई नरेंद्रसिंह ने बताया कि सेटिन क्रेडिट केयर प्राइवेट लिमिटेड शाखा डूंगरपुर के कार्मिक निरंजन कुमार खटीक निवासी प्रतापगढ़ के साथ लूटपाट की वारदात हुई। निरंजन कुमार ने रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार को वह स्वयं सहायता समूहों को लोन पर दी गई राशि की वसूली के लिए निकला था। पहले गामड़ी देवल गांव में स्वयं सहायता समूहों से किश्त की राशि लेकर बोखला गया। वहां स्वयं सहायता समूह की किश्त लेने के बाद जा रहा था कि कुछ दूर जाते ही सीसी सड़क पर एक बाइक पर 4 बदमाश युवक आये। बदमाशो ने उसकी बाइक को लात मारकर नीचे गिरा दिया। इसके बाद आगे बाइक खड़ी कर स्वयं सहायता समूहों से वसूली गई 25 हजार 952 रुपये की राशि से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। बैग में कंपनी का एक टेबलेट के साथ आईडी कार्ड और दस्तावेज थे। घटना की सूचना पर बिछीवाड़ा थाने से एएसआई नरेंद्रसिंह मय जाब्ता मौके पर पंहुचे ओर घटना की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने नाकेबंदी करवा दी। घटना के बाद पुलिस रास्ते कब सीसीटीवी खंगाल रही है। वही बाइक पर आए चारो बदमाशो का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने निरजंन कुमार की रिपोर्ट पर लूटपाट कर केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## प्रेक्षा कोठारी का बेणेश्वर पीठाधीश्वर महंत अच्युतानंद महाराज ने किया स्वागत

**साबला।** आईएएस परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद के बाद अपने पैतृक गांव डूंगरपुर जिले के साबला में पहली बार पहुंची प्रेक्षा कोठारी का बेणेश्वर पीठाधीश्वर महंत अच्युतानंद महाराज ने आज हरि मंदिर में स्वागत और अभिनंदन किया। आज शाम आईएएस प्रेक्षा कोठारी साबला कस्बे के हरिमंदिर पहुची, जहा प्रेक्षा ने भगवान निष्कलंक की पूजा अर्चना कर गुरु गादी को नमन किया और महंत अच्युतानंद महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दरम्यान महंत श्री ने आईएएस प्रेक्षा कोठारी को चुनरी व श्री फल के साथ अभिनंदन किया और सम्मान पत्र भेट किया। इस मौके पर प्रेक्षा के पिता राजेश कोठारी, गणेशलाल सराफ, उप सरपंच जयेश शर्मा, राजू गांधी, राजेश जोशी, ईश्वर साद सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## थाणा गांव के पास कार व ओटो की टक्कर, हादसे में ओटो सवार एक बच्चे सहित 7 लोग घायल

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के थाणा गांव के पास एक कार व ओटो की टक्कर हो गई। हादसे में ओटो सवार एक बच्चे सहित 7 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार एक ओटो सवारिया लेकर कनबा से डूंगरपुर आ रहा था इस दौरान थाणा गाँव के पास डूंगरपुर से बिछीवाडा की ओर जा रही एक कार से ओटो टकरा गया। हादसे में ओटो सवार एक बच्चे सहित 7 लोग घायल हो गए। वही कार चालक हादसे के बाद फरार हो गया। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस से डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया वही गंभीर एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया।

# दिव्यांग बेटियों के आधार कार्ड नहीं तो सरकारी योजनाओं से भी वंचित, पालिका अध्यक्ष टीम के साथ पहुंचे घर

### हाथ-पैरों के अंगूठे नहीं होने से नहीं बना आधार कार्ड, अब तकनीकी खामियो को दूर कर बनेगा पहचान पत्र





**सागवाड़ा।** सागवाडा नगर पालिका के वार्ड 2 इंदिरा कॉलोनी में दो दिव्यांग बेटियों के आधार कार्ड नहीं बनने के कारण सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहने की समस्या सामने आई तो पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया शिविर से पालिका उपाध्यक्ष व ईओ के साथ सरकारी अमला बेटियों के घर पहुंच गया। बेटियों के हाथ व पैरों के अंगूठे नहीं होने से यहां भी आधार कार्ड नहीं बना तो अब प्रशासन व सरकार के मार्गदर्शन से तकनीकी खामियों को दूर कर आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए है। राज्य सरकार की ओर से इन दिनों प्रशासन शहरों व गांवो के संग शिविर आयोजित किये जा रहे है, जिसमें कई लोगों के समस्याओ का समाधान हो रहा है तो कई मामलों में तकनीकी खामिया होने से सरकार व मार्गदर्शन लेकर समाधान किया जा रहा है। मंगलवार को सागवाडा नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 2 इंदिरा कॉलोनी के सामुदायिक भवन में शिविर आयोजित किया गया। वार्ड पार्षद फारुख लखारा ने बताया वार्ड में 2 बेटियां दिव्यांग है। सिमरन (23) पुत्री इदरीस लखारा और अकसाना (22) पुत्री मोहम्मद रफीक दिव्यांग है, जिस कारण आज तक दोनों बेटियों के आधार कार्ड नहीं बना है और इस कारण बेटियों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा है। शिविर में मामला सामने आते ही पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, उपाध्यक्ष राजु मामा शेख, ईओ मोहित कुमार मोहिल, पार्षद फारुख लखारा अधिकारियों की टीम के साथ बेटियों के घर पंहुच गए। सीमरन लखारा के दोनों हाथ व पैरों के अंगूठे नहीं होने से मौके पर आधार कार्ड नहीं बनाया जा सका तो वहीं बेटी अकसाना के भी हाथ ओर पैरों के अंगुलिया नहीं होने से आधार कार्ड नहीं बन सका। इस पर पालिकाध्यक्ष ने ईओ को जिला कलेक्टर से बातचीत करते हुए दोनों बेटियों के आधार कार्ड बनाकर सरकारी योजनाओ का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही पालिका अध्यक्ष ने इन बेटियों को साफ सुथरें कपडें मिले इसके लिए आर्थिक सहायता दी। इसके अलवा सीमरन के पिता इदरीस को इंदिरा क्रेडिट योजना के तहत 50 हजार का लोन दिलाने के लिए आश्वस्त किया।

# भाटपुर व मालपुर गांव के लोग कलेक्ट्रेट पहुंच, बोले पट्टे दो



**डूंगरपुर।** जिले के भाटपुर व मालपुर गांव के ग्रामीण आज कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने सालो से बिलानाम भूमि पर काबिज लोगो को पट्टे दिए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना दिया वही कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया की जिले के भाटपुर व मालपुर गांव के बड़ी संख्या में लोग पीढ़ी दर पीढ़ी बिलानाम भूमि पर काबिज होकर खेती व मकान बनाकर निवास कर रहे है लेकिन उन्हें अभी तक खातेदारी हक़ व पट्टे नहीं दिए गये है। ग्रामीण लम्बे समय से इसकी मांग भी कर रहे है लेकिन को राहत नहीं मिली है। ऐसे में ग्रामीणों ने आज धरना-प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत लग रहे शिविरों में पट्टे दिए जाने की मांग की है।

## एम-पासपोर्ट एप लॉन्च, अब पुलिस सत्यापननही होगी देरी

**जयपुर।** सचिवालय के सभागार में मुख्य सचिव निरंजन आर्य और विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव प्रभात कुमार ने एम-पासपोर्ट एप को लॉन्च किया। प्रदेश के सभी पुलिस थानों को एप से जोड़ कर मैपिंग कर दी गई है. मुख्य सचिव ने कहा कि पासपोर्ट आवेदन प्रक्रिया में पुलिस सत्यापन एक अहम चरण है, जिस पर सूचना संकलन और डाटा संधारण करने का काम बहुत संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव प्रभात कुमार ने कहा कि पुलिस सत्यापन प्रक्रिया में एम-पासपोर्ट एप के उपयोग से भारतीय नागरिकों के लिए पासपोर्ट प्राप्त करना तो आसान होगा।

# भाजपा में टिकट के लिए सौदा हुआ, मैं समझ नही सका इस लिए टिकट नही मिला

### वल्लभनगर में उपचुनाव भाजपा से बागी हुए डांगी ने लगाया आरोप

**उदयपुर।** वल्लभनगर में उपचुनाव के चलते मंगलवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने वल्लभनगर में शक्ति प्रदर्शन किया। चुनाव लड़ रहे उदयलाल डांगी ने बताया कि उनके खिलाफ बीजेपी में षड़यंत्र रचा गया। डांगी ने कहा कि मेरे से पहले जो चुनाव लड़े उनको खत्म करने के लिए मुझे लाया गया।



मैं समझ नहीं पाया। चुनाव के बाद लोगों ने बताया कि मेरे साथ धोखा हुआ। भाजपा ने खुद किसी और को हराने के लिए अपने लोगों से कांग्रेस को वोट दिलाए वरना हम जीत जाते। डांगी ने कहा कि इस बार कटारिया जी की कोई गलती नहीं है। उन्होंने मुझे कहा था कि तुम थोड़ा सासंद को भी इशारा करो, वो कुछ चाह रहे हैं। मुझे एक दिन पहले 11 बजे कहा गया कि फॉर्म मत भरो और कुछ देर बाद हिम्मत सिंह झाला को टिकट दे दिया। ऐसे में लगता है कि पैसों का कुछ सौदा हुआ है। चुनावी सभा में आरएलपी के हनुमान बेनीवाल बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस ने आधे से ज्यादा नरेगा से मजदूरों को लाकर सभा को सफल बनाया। वहीं बीजेपी की सभा में 1500 से 2000 लोग थे। मगर आरएलपी की सभा में साफ किसानों के बेटे दिख रहे हैं और लगता है कि हम चुनाव जीतेंगे। सभा में बेनीवाल ने कहा कि बीजेपी में वसुंधरा की गुंडागर्दी को खत्म करने के लिए मैंने विधायक दल की बैठक में झगड़ा किया। मुझे पार्टी से बाहर निकाल दिया। जब वसुंधरा की तूती बोला करती थी। कांग्रेस के बड़े बड़े नेता सरेंडर हो गए। तब अकेला बेनीवाल हुंकार भर रहा था।

## झेलाना गांव में एक युवक ने बाड़े में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

**डूंगरपुर।** जिले के रामसागडा थाना क्षेत्र के झेलाना गांव में एक युवक ने बाड़े में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार झेलाना निवासी 18 वर्षीय महेश डामोर अपनी दादी के साथ घर पर अकेला था उसके परिजन अहमदाबाद किसी काम से गए हुए थे। शाम को जब उसकी दादी बाड़े में मवेशियों को पानी पिलाने गई तो बाड़े में महेश का शव लटका हुआ था। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इधर पोस्टमार्टम की कार्रवाई परिजनों के आने के बाद कल सुबह की जायेगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## 20 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**डूंगरपुर।** जिले की 10 पंचायत समितियों के प्रधान आज अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहा पर प्रधानों ने जिला कलेक्टर को अपनी मांगों को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रधान देवराम रोत ने बताया की ज्ञापन के जरिये प्रधानो ने 20 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए उन्हें पूरा करने की मांग की गई है। उन्होंने बताया ज्ञापन के जरिये प्रधानों ने प्रधानो को विधायक व सांसद की तरह फंड व भत्ते उपलब्ध करवाने, प्रधानो का मानदेय 7 हजार से बढ़ाकर 50 हजार करने, उपखंड स्तरीय समितियों में प्रधान को अध्यक्ष बनाने, पंचायतराज के अधीनस्थ विभागों के सम्पूर्ण वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार प्रधान को दिए जाने, ग्राम पंचायत की तरह पंचायत समितियों के भी पीडी खाते बंद किये जाने सहित 20 सूत्रीय मांगे पूरी करने की मांग की है ।

# नोखा क्षेत्र में राजपूत समाज के लोगों पर हो रहे अत्याचार और आपराधिक घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन

**डूंगरपुर।** बीकानेर जिले के नोखा क्षेत्र में राजपूत समाज के लोगों पर हो रहे अत्याचार और आपराधिक घटनाओं के विरोध में डूंगरपुर जिले के राजपूत समाज के लोगो ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रताप फाउंडेशन के बैनर तले राजपूत समाज के लोगो ने कलेक्ट्री के बाहर प्रदर्शन करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर व एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौपा। क्षत्रिय महासभा के महामंत्री भोपाल पंवार ने बताया कि 9 मार्च 2020 को नोखा शहर में पुलिस थाने के पास गाड़ी में बैठे राजपूत समाज के 2 युवकों को जिंदा जलाकर मार दिया गया वही 29 मार्च 2020 को शराब माफिया द्वारा मोरखाणा के बजरंग सिंह की हत्या कर दी गई। इसी प्रकार 17 जुलाई 2020 को पारवा गांव में जितेंद्र सिंह की चुनावी रंजिश के चलते हत्या कर दी गई। इन सभी ममलो में पुलिस द्वारा दोषोयो के खिलाफ सख्त कार्यवाही नही की गई जिसके चलते क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए। इसी के चलते हाल ही में 7 अक्टुबर को नोखा तहसील के हिमटसर गांव के पूर्व सरपंच ओर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष मेघ सिंह पर भी दिन-दहाड़े बाजार में एक दर्जन से अधिक बदमाशो ने हमला बोल दिया जिसमे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। राजपूत समाज ने आरोप लगाया कि नोखा क्षेत्र में अपराधियों की पुलिस प्रशासन और राजनेताओं के साथ मिलीभगत है जिसके चलते वह बेखौफ होकर आए दिन अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

# दीपावली पर मिड टर्म अवकाश के रूप में दस-पंद्रह दिन की छुट्टियां इस बार नहीं होंगी

### सिर्फ तीन दिन का सरकारी अवकाश मिलेगा, प्रिंसिपल पावर की भी नहीं होगी छूटी, राज्य में कहीं भी कोई शैक्षिक सम्मेलन नहीं होगा

**जयपुर।** राजस्थान के शिक्षा विभाग ने बड़ा निर्णय करते हुए इस बार दीपावली के आसपास होने वाले मिड टर्म अवकाश को समाप्त कर दिया है। दीपावली पर सरकार की ओर से तय छुट्टियां होंगी, लेकिन मिड टर्म अवकाश के रूप में दस-पंद्रह दिन की छुट्टियां इस बार नहीं होंगी। कोरोना काल में स्कूल बंद रहने के कारण स्टूडेंट्स की पढ़ाई नहीं हुई है। विभाग का कहना है कि लर्निंग लॉस को कम करने के लिए यह निर्णय किया गया है। संभवत- पहली बार ऐसा हो रहा कि प्रदेश के सरकारी व प्राइवेट स्कूल में मिड टर्म अवकाश नहीं हो रहे। आमतौर पर दीपावली से पहले पंद्रह दिन की छुट्टियां स्कूल में होती रही हैं। माना जा रहा था कि तीन से तेरह नवम्बर तक राज्य के स्कूल में छुट्टी रहेगी। इस बीच माध्यमिक शिक्षा निदेशक सौरभ स्वामी ने आदेश जारी करके स्पष्ट किया है कि मध्यावधि अवकाश नहीं होंगे।दीपावली पर इस बार सरकारी अवकाश ही होंगे। दीपावली चार नवम्बर की है। ऐसे में चार से छह नवंबर तक ही अवकाश है। तीन नवंबर तक बच्चों को स्कूल जाना होगा। चार नवंबर को रविवार के दिन दीपावली है, पांच नवंबर को गोवर्धन पूजा और छह नवंबर को भैया दूज पर अवकाश रहेगा।तीन नवंबर को दीपावली से एक दिन पहले भी स्कूल में छुट्टी नहीं होगी। राज्य में कहीं भी कोई शैक्षिक सम्मेलन नहीं होगा। आमतौर पर जिला व राज्य स्तर के शैक्षिक सम्मेलन के नाम पर होने वाली चार छुट्टियां भी इस बार नहीं होगी। प्रिंसिपल पावर की दो छुट्टियां भी इस बार नहीं होंगी।